उत्तर—1. साक्षरता का अर्थ है साक्षर होना अर्थात् पढ़ने और लिखने की क्षमता से सम्पन्न होना। भारत में साक्षरता प्रतिरूप सन् 2011 में भारत में साक्षरता दर 74·04% रही। भारत की औसत साक्षरता दर में सन् 1961 के बाद से तीव्र वृद्धि अनुभव की गई है लेकिन भारत की साक्षरता दर में क्षेत्रीय स्तर पर असमान वृद्धि हुई है। वर्तमान में (2011) में साक्षरता दरों में मिलने वाली भिन्नताओं के आधार पर भारत के राज्यों को निम्नलिखित वर्गों में रखा जा सकता है—

(1) **80% से अधिक साक्षरता दर रखने वाले राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश**—सन् 2011 में 80% से अधिक साक्षरता दर रखने वाले राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में साक्षरता दरें निम्नवत् रहीं—केरल (93.41), लक्षद्वीप (92.28), त्रिपुरा (87.75), गोवा (87.40), दमन व द्वीव (87.07), पाण्डिचेरी (86.55), चण्डीगढ़ (86.43), छत्तीसगढ़ (86.40), दिल्ली (86.34), अण्डमान-निकोबार (86.34), हिमाचल प्रदेश (83.78), महाराष्ट्र (82.91), सिक्किम (82.28), तमिलनाडु (80.33), नागालैण्ड (80.11),

70 से 80 प्रतिशत साक्षरता दर रखने वाले राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश—मणिपुर (79.85), उत्तराखण्ड (79.63), गुजरात (79.31), दादरा-नगर हवेली (77.65), पंश्चिम बंगाल (77.08), पंजाब (76.68), हरियाणा (76.64), कनार्टक (75.60), मेघालय (75.48), उड़ीसा (73.45), असम (73.18), मध्यप्रदेश (70.63),

70 प्रतिशत से कम साक्षरता दर रखने वाले राज्य—उत्तर प्रदेश (69.72), जम्मू कश्मीर (68.73), आन्ध्र प्रदेश (67.70), झारखण्ड (67.73), राजस्थान (37.06), अरुणाचल प्रदेश (67), बिहार (63.82) है।

उत्तर—2. पृ.सं. 185 पर प्र.न. 3 का उत्तर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 186 पर प्र.न. 4 का उत्तर देखिए।

उत्तर—4. पृ.सं. 186 पर प्र.न. 6 का उत्तर देखिए।

उत्तर—5. पृ.सं. 186 पर प्र.न. 2 का 11 का उत्तर देखिए।

उत्तर—6. इसका प्रमुख कारण शिक्षा के प्रति सरकार की नीति है। यहाँ के लोग पढ़े लिखे और साक्षर हैं।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 185 पर प्र.न. 4 का उत्तर देखिए।

उत्तर—2. पृ.सं. 186 पर प्र.न. 5 का उत्तर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 186 पर प्र.नं. 6 का उत्तर देखिए।

उत्तर—4. भारत में जनसंख्या की तीव्र वृद्धि के कारण बेरोजगारी पर्यावरण का अवनयन, आवासों की कमी, निम्न जीवन स्तर जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले लोगों की संख्या काफी अधिक है। यह गरीबी और अभाव, अपराध चोरी, भ्रष्टाचार, काला बाजारी व तस्करी जैसे समस्याओं का जन्म देती है। पर्यावरण की दृष्टि से भी जनसंख्या वृद्धि हानिकारक है।

इकाई-3 : लोकतान्त्रिक राजनीति-1 (नागरिकशास्त्र)

1 लोकतन्त्र क्या? लोकतन्त्र क्यों [What is Democracy? Why Democracy?]

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. लोकतन्त्र ग्रीक भाषा के दो शब्दों 'डेमोस' और केशिया' से मिलकर बना है जिसका अर्थ है लोगों का शासन।

उत्तर—2. लोकतन्त्र के तीन प्रकार हैं—अभिजात्य, सहभागी और बहुलवादी।

उत्तर—3. ऐसी सरकार या शासक जिसका चुनाव जनता (मतदाता) द्वारा नहीं किया गया होता।

उत्तर—4. (1) लोकतन्त्र में जनता का शासन माना जाता है।

(2) लोकतन्त्र में अन्तिम निर्णय लेने की शक्ति लोगों द्वारा चुने गए लोगों में निहित होती है।

उत्तर—5. डेमोक्रेसी शब्द की उत्पत्ति ग्रीक भाषा के शब्द से हुई है।

उत्तर—6. तानाशाही उस शासन-प्रणाली को कहते हैं जिसमें कोई व्यक्ति (प्राय: सेनाधिकरी) विद्यमान नियमों की अनदेखी करते हुए डेडे (डण्डे) के बल पर शासन करता है।

उत्तर—7. एक लोकतान्त्रिक सरकार संवैधानिक कानूनों एवं नागरिक अधिकारों के दायरे में रहते हुए शासन करती है। इसमें कानून का शासन होता है। जिससे सरकार संवैधानिक कानूनों एवं नागरिक अधिकारों के दायरे में रहते हुए शासन करती है।

उत्तर—8. सभी वयस्क नागरिकों को बिना किसी भेदभाव और स्वतन्त्र रूप से मत का अधिकार है।

उत्तर—9. आज के विश्व में लोकतन्त्र का सबसे आम स्वरूप लोगों द्वारा अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से शासन चलाने का है।

उत्तर—10. लोकतन्त्र अन्य सभी शासन प्रणालियों से उत्तम है, क्योंकि यह नागरिकों में समानता को बढ़ावा देता है, व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा देता है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. राजनीतिक समानता पर आधारित होने के कारण लोकतन्त्र यह स्वीकार करता है कि सबसे निर्धन एवं सबसे कम पढ़े लिखे लोगों की समाज में वही स्थिति है जो अमीर व शिक्षित लोगों की है। लोकतन्त्र में लोग शासक की प्रजा नहीं बल्कि स्वयं शासक हैं।

उत्तर—2. ऐसा कोई शासन तन्त्र नहीं जिसमें शासन तन्त्र से कोई गलती न हो चाहे वह लोकतन्त्र ही क्यों न हो। लेकिन लोकतन्त्र में गलतियों पर विचार-विमर्श करने और उसे सुधारने की संभावना अन्तर्निहित होती है। इसका आशय यह है कि या तो शासक समूह अपना निर्णय बदले या फिर शासक समूह को बदला जा सकता है।

उत्तर—3. पृ.सं. 191-192 पर देखिए।

उत्तर—4. प्रत्यक्ष लोकतन्त्र में आमतौर पर कानूनों और नीतियों पर मतदान करके लोग सीधे तौर पर निर्णय में भाग लेते हैं। तथा अप्रत्यक्ष लोकतन्त्र में जनता अपनी ओर से निर्णय लेने के लिए प्रतिनिधियों का चुनाव करती है।

उत्तर—5. अति लघुउत्तरीय प्र. नं. 9 का उत्तर देखिए।

उत्तर—6. लोकतन्त्र में सरकार द्वारा की गई त्रुटियों पर जनता द्वारा बहस किया जा सकता है तथा इसे सुधारा जा सकता है। या शासकों को अपने निर्णय बदलने पड़ते हैं अन्यथा शासकों को बदल दिया जाता है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 189 पर देखिए।

उत्तर—2. पृ.सं. 189 पर तथा पृ.सं. 191 पर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 191 पर तथा 195 पर देखिए।

उत्तर—4. पृ.सं. 189 पर देखिए।

2 संविधान निर्माण [Constitutional Design]

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. संविधान शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है सम और विधान, सम का अर्थ है समान और विधान का अर्थ है नियम और कानून, यानी जो नियम और कानून सभी नागरिकों पर एक समान रूप से लागू होते हैं, उसे संविधान कहते हैं।

उत्तर—2. संविधान सभा का आशय किसी देश के लिए संविधान का निर्माण करने वाली सभा से लिया जाता है।

उत्तर—3. भारतीय संविधान का निर्माण 299 सदस्यों द्वारा किया गया, यह 20 जनवरी, 1950 को लागू हुआ।

उत्तर—4. संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद तथा 299 सदस्य थे।

उत्तर—5. नेल्सन मंडेला एक अश्वेत राष्ट्रवादी और दक्षिण अफ्रीका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति थे।

उत्तर—6. मानव जाति की त्वचा के रंग के आधार पर श्वेत लोगों द्वारा काले लोगों के प्रति अलगाववाद की नीति अपनाना 'रंगभेद' कहलाता है।

उत्तर—7. अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस दक्षिण अफ्रीका की शासन करने वाली पार्टी है इसके नेता—नेल्सन मंडेला, यासिर अराफात, कोफी अन्नान, सिम्मी मंडेला हैं।

उत्तर—8. क्योंकि देश में पहली बार स्वतन्त्रता दिवस 26 जनवरी, 1930 को मनाया गया था।

उत्तर—9. दक्षिण अफ्रीका में पृथक्करण का अर्थ था अपार्थीड (अफ्रीकी भाषा का शाब्दिक अर्थ) इसे हिन्दी में रंगभेद कहते हैं।

उत्तर—10. रंगभेद नीति का हथकंडा अपनाया।

उत्तर—11. भारतीय संविधान के निर्माण में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा। वर्तमान संविधान में 395 मुख्य अनुच्छेद तथा 12 अनुसूचियाँ हैं।

उत्तर—12. भारतीय संविधान में आधारभूत मूल्य या दर्शन भारत को प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय, स्वतन्त्रता, समानता, व्यक्ति का गरिमा, राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता को बढ़ावा दिया गया है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 208 पर देखिए।

उत्तर—2. पृ.सं. 207 पर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 208-209 पर देखिए।

उत्तर—4. भारतीय संविधान के आधारभूत ढाँचे को स्पष्ट नहीं किया जा सकता परन्तु सर्वोच्च न्यायालय द्वारा केशवानन्द भारती मुकदमे का निर्णय सुनाते हुए यह कहा था कि संविधान की प्रत्येक धारा में संशोधन किया जा सकता है। यद्यपि संविधान के मूल ढाँचे में कोई परिवर्तन नहीं होना चाहिए। संविधान के मूल ढाँचे में निम्नलिखित बातों को सम्मिलित किया जा सकता है—

(1) विधानमण्डल, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका के बीच शक्तियों का पृथक्करण।

(2) संविधान का संघीय स्वरूप।

(3) संविधान की सर्वोच्चता।

(4) सरकार का गणतन्त्रात्मक और लोकतन्त्रीय स्वरूप।

(5) संविधान का धर्म-निरपेक्ष स्वरूप।

उत्तर—5. भारत का संविधान एक विस्तृत दस्तावेज है इसे वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बनाए रखने के लिए इनमें अनेक बार संशोधन करने पड़ते हैं। भारत के संविधान निर्माताओं ने अनुभव किया कि इसे लोगों की आकांक्षाओं एवं समाज के बदलाव के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने इसे एक पवित्र स्थाई एवं अपरिवर्तनीय कानून की नजर से नहीं देखा। इसलिए उन्होंने समय-समय पर इसमें बदलाव समाहित करने के लिए प्रावधान किया इस बदलाव को संविधान संशोधन कहा जाता है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 212 पर देखिए।

उत्तर—2. पृ.सं. 211 पर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 204-205 पर देखिए।

उत्तर—4. भारत के संविधान की प्रस्तावना को संविधान की आत्मा कहा जाता है। भारत में संघीय शासन व्यवस्था लागू है। किन्तु संविधान में भी संघात्मक (फेडरेशन) शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है। पायली के अनुसार भारत का ढाँचा संघात्मक किन्तु उसकी आत्मा एकात्मक है।

3 चुनावी राजनीति [Electoral Politics]

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. जहाँ मतदाता अपना वोट डालता है, वह मतदान केन्द्र होता है।

उत्तर—2. जब नामांकन पत्र वापिस लेने की तारीख समाप्त हो जाती है तो इसके पश्चात् सभी उम्मीदवारों को कम से कम 20 दिन चुनाव प्रचार के लिए दिए जाते हैं। इस चुनाव प्रचार को ही चुनाव अभियान कहते हैं।

उत्तर—3. मतदाता का अर्थ है मत देने वाला अर्थात् वोट डालने वाला। मताधिकार शब्द का आशय है राय या मत प्रकट करना। नागरिकशास्त्र के अन्तर्गत मताधिकार का अपना विशिष्ट अर्थ है इसके अनुसार देश के नागरिकों को शासन संचालन हेतु अपने उम्मीदवारों को चुनने का जो अधिकार प्राप्त होता है, उसे ही 'मताधिकार' कहते हैं।

उत्तर—4. चुनाव एक औपचारिक प्रक्रिया है, जहाँ लोग किसी उम्मी. दवार को चुनने या किसी विशेष मुद्दे या निर्णय लेने के लिए वोट देते हैं।

उत्तर—5. सभी चुनाव क्षेत्रों में एक ही दिन अथवा एक छोटे अन्तराल में अलग-अलग दिन चुनाव होते हैं, इसे आम चुनाव कहते हैं।

उत्तर—6. निर्वाचन प्रक्रिया मतदान प्रणाली पर ही आधारित है।

उत्तर—7. लोकतान्त्रिक निर्वाचन व्यवस्था में निर्वाचन से पहले मतदान की योग्यता रखने वालों की सूची तैयार की जाती है। इस सूची को अधि. कारिक रूप से मतदाता सूची कहते हैं।

उत्तर—8. जनता तक अपनी पहचान, अपना भरोसा हासिल करने के लिए आवश्यक है।

उत्तर—9. लोकसभा के निर्वाचन क्षेत्र का अर्थ प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से एक ही सदस्य का चुनाव किया जाता है। वर्तमान में लोकसभा के 543 निर्वाचित क्षेत्र हैं।

उत्तर—10. चुनाव अभियान मतदान से (वोट डालने से) 48 घंटे पूर्व तक चलाया जा सकता है।

उत्तर—11. सभी वयस्कों को मत देने की अनुमति है।

उत्तर—12. भारत में निर्वाचन प्रक्रिया की व्यवस्था-स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण के अन्तर्गत की गई है।

उत्तर—13. स्वतन्त्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने कुछ नियम बनाए हैं, इन नियमों को ही चुनाव आचार संहिता कहा जाता है।

उत्तर—14. चुनाव में यदि कोई उम्मीदवार चुनाव के नियमों का उल्लंघन करता है या भ्रष्ट तरीकों का इस्तेमाल करता है तब सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में दी गई याचिका को चुनाव याचिका कहते हैं।

उत्तर—15. वोटर कार्ड की चुनाव फोटो पहचान-पत्र प्रणाली है।

उत्तर—16. (1) चुनाव प्रचार के लिए किसी धर्मस्थल का उपयोग नहीं कर सकते हैं।

(2) चुनाव में सरकारी वाहन, विमान तथा अधिकारियों का उपयोग नहीं कर सकते।

उत्तर—17. ईवीएम एक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन है। इसके द्वारा मतदान बटन दबाकर किये जा सकते हैं।

उत्तर—18. मतदाता दुबारा वोट न दे सके।

उत्तर—19. (अ) मध्यावधि चुनाव उस चुनाव को कहते हैं जो चुनाव विधानमंडल के निश्चित कार्यकाल की समाप्ति के पूर्व कराए जाते हैं।

(ब) जब कोई सरकार भंग हो जाती है उस समय जो चुनाव होते हैं, उसे उपचुनाव कहते हैं।

उत्तर—20. सरकार की द्वि-दलीय संसदीय प्रणाली में एक त्रिशंकु संसद तब बनती है जब किसी भी प्रमुख राजनीतिक दल या सहयोगी पार्टियों के समूह को सीटों की संख्या के अनुसार संसद (लोकसभा) में पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं होता है। इसे कभी-कभार असन्तुलित लोकसभा या बिना किसी नियन्त्रण वाली विधायिका भी कहा जाता है।

उत्तर—21. हाँ कर सकता है।

उत्तर—22. चुनाव-चिह्न का अर्थ किसी राजनीतिक दल को आबंटित एक मानकीकृत प्रतीक है।

उत्तर—23. हरियाणा में।

लघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 222 पर देखिए।

उत्तर—2. पृ.सं. 225 पर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 222 पर देखिए।

उत्तर—4. पृ.सं. 222-224 पर देखिए।

उत्तर—5. पृ.सं. 222-224 पर देखिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 218 पर देखिए।

उत्तर—2. पृ.सं. 218-219 पर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 219-220 पर देखिए।

उत्तर—4. पृ.सं. 221-222 पर देखिए।

उत्तर—5. पृ.सं. 230 पर देखिए।

4 संस्थाओं का कामकाज [Working of Institutions]

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. भारत का प्रथम नागरिक राष्ट्रपति होता है।

उत्तर—2. संस्थाओं का ऐसा समूह जिसके पास देश की व्यवस्थित जनजीवन सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने, लागू करने और उसकी व्याख्या करने का अधिकार होता है।

उत्तर—3. न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका है।

उत्तर—4. संसद का अधिवेशन राष्ट्रपति बुला सकता है।

उत्तर—5. (1) राष्ट्रपति, (2) लोकसभा, (3) राज्यसभा।

उत्तर—6. (अ) लोकसभा के अध्यक्ष को स्पीकर कहते हैं।

(ब) लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव लोकसभा के सदस्यगण करते हैं।

उत्तर—7. भारतीय संसद के दो सदन लोकसभा तथा राज्य-सभा है। लोकसभा को निम्न सदन तथा राज्य सभा को ऊपरी सदन कहते हैं।

उत्तर—8. (अ) भारत में लोकतान्त्रिक गणराज्य प्रणाली को अपनाया गया है।

(ब) भारत की केन्द्रीय कार्यपालिका में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति को सहायता करने एवं सलाह देने के लिए अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री के साथ मन्त्रिपरिषद शामिल है।

उत्तर—9. एक ऐसी शासन प्रणाली है, जिसके अन्तर्गत जनता अपनी स्वेच्छा से निर्वाचन में आए हुए किसी भी उम्मीदवार को मत देकर अपना प्रतिनिधि चुन सकती है।

उत्तर—10. 65 वर्ष की आयु में।

लघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 262 पर देखिए।

उत्तर—2. मन्त्रिपरिषद एक बड़ा निकाय है जिसमें विभिन्न श्रेणियों के कई मन्त्री शामिल होते हैं। मन्त्रिमंडल, मन्त्रिपरिषद के भीतर एक छोटा आन्तरिक निकाय है और यह मन्त्रिपरिषद का प्रभावी नीति-निर्माण अंग है।

उत्तर—3. पृ.सं. 243 पर देखिए।

उत्तर—4. पृ.सं. 240 पर देखिए।

उत्तर—5. मंडल आयोग, जिसे आधिकारिक तौर पर द्वितीय पिछड़ा वर्ग आयोग के रूप में जाना जाता है। इसका उद्देश्य सामाजिक और शैक्षिणिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान करना और उन्हें सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में शामिल करने के लिए सिफारिश करना था।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 240 पर देखिए।

उत्तर—2. पृ.सं. 243 पर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 243-244 पर देखिए।

उत्तर—4. विधेयक किसी विधायी प्रस्ताव का प्रारूप होता है। जिन विधेयकों में विशेष रूप से करों के अधिरोपण तथा उत्सादन, संचित निधि में से धन के विनियोग आदि से सम्बन्धित प्रावधान होते हैं, उन्हें धन विधेयक कहा जाता है। धन विधेयक के सम्बन्ध में राज्यसभा की किसी सिफारिश अथवा सभी सिफारिशों को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करना लोकसभा पर निर्भर करता है यदि लोकसभा, राज्य सभा की किसी सिफारिश को स्वीकृत करती है तो धन विधेयक, राज्य सभा द्वारा सिफारिश किये गये संशोधनों और लोकसभा द्वारा स्वीकृत रूप में संसद को दोनों सभाओं द्वारा पारित समझा जाता है।

5 लोकतान्त्रिक अधिकार [Democratic Rights]

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. मानवाधिकार वे नैतिक सिद्धान्त हैं जो मानव व्यवहार से सम्बन्धित कुछ निश्चित मानक स्थापित करते हैं। मानवाधिकार दिवस 10 दिसम्बर को मनाया जाता है।

उत्तर—2. लोकतन्त्र में नागरिकों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण सुविधाएँ और स्वतन्त्रताएँ प्रदान की जाती हैं। इन्हीं सुविधाओं एवं स्वतन्त्रताओं को 'मूल या मौलिक' अधिकार कहा जाता है।

उत्तर—3. अधिकार का अभिप्राय राज्य द्वारा व्यक्ति को दी गयी कुछ कार्य करने की स्वतन्त्रता या सकारात्मक सुविधा प्रदान करना है जिससे व्यक्ति अपनी शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक शक्तियों का पूर्ण विकास कर सके।

अधिकार की परिभाषा भारतीय विद्वान श्रीनिवास शास्त्री के अनुसार—"अधिकार समुदाय के कानून द्वारा स्वीकृत वह व्यवस्था, नियम या रीति है जो नागरिक के सर्वोच्च नैतिक कल्याण में सहायक है।"

उत्तर—4. जनहित याचिका (पी आई एल) का अर्थ है सार्वजनिक हित की रक्षा, सुरक्षा या लागू करने के लिए अदालत के समक्ष दायर किया गया मामला या याचिका।

उत्तर—5. वह व्यक्ति जो लिए हुए ऋण को चुकाने के बदले ऋणदाता के लिए श्रम करता है या सेवाएँ देता है, उसे बंधुआ मजदूरी कहते हैं।

उत्तर—6. चार राजनैतिक अधिकार हैं—(1) समानता का अधिकार, (2) स्वतन्त्रता का अधिकार, (3) शोषण के विरुद्ध अधिकार, (4) धार्मिक स्वतन्त्रता का अधिकार।

उत्तर—7. नियमों व सिद्धान्तों को बनाए रखने का व्यक्ति, समूह या देशों का वायदा प्रतिज्ञा-पत्र कहलाता है। ऐसे बयान या सन्धि पर हस्ताक्षर करने वाले पर इसके पालन की वैधानिक बाध्यता होती है।

उत्तर—8. एमनेस्टी इंटर नेशनल (जिसे एमनेस्टी या ए.आई. भी कहा जाता है।) मानवाधिकारों पर केन्द्रित एक अन्तर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन है।

उत्तर—9. कानूनी अधिकार वे हित हैं जिन्हें कानून द्वारा मान्यता तथा संरक्षण प्राप्त होता है।

उत्तर—10. भारतीय संविधान में छह मौलिक अधिकार प्रदान किए गये हैं। मौलिक अधिकारों का वर्णन संविधान के भाग 111 अनुच्छेद 12-35 तक में किया गया है।

उत्तर—11. कोई भी व्यक्ति अपनी पसन्द के धर्म को मानने के लिए स्वतन्त्र होता है।

उत्तर—12. मूल अधिकार निम्न दशाओं में स्थगित किए जा सकते हैं जब—

(1) प्रतिरक्षा सेना से व्यक्तियों के बारे में।

(2) जब मार्शल लॉ लागू हो।

(3) आपात उद्घोषणा के समय।

(4) संविधान संशोधन द्वारा।

उत्तर—13. परमादेश तथा प्रतिषेध संवैधानिक उपचारों के अधिकार के अन्तर्गत जारी किये जाने वाले लेख हैं।

उत्तर—14. समानता का अधिकार, स्वतन्त्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धर्म, संस्कृति तथा शिक्षा की स्वतन्त्रता का अधिकार, सम्पत्ति का अधिकार तथा संवैधानिक उपचारों का अधिकार।

लघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 252 पर देखिए।

उत्तर—2. पृ.सं. 252 पर देखिए।

उत्तर—3. (1) भारत में निजी सम्पत्ति के बढ़ते प्रभाव को कम करने के लिए सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकारों में से निकाल दिया गया है।

(2) 42वें संशोधन द्वारा प्रस्तावना में समाजवाद शब्द रखा गया है समाजवाद और सम्पत्ति के अधिकार एक साथ नहीं चलते। अत: सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकारों से निकाल दिया गया है।

उत्तर—4. पृ.सं. 253 पर देखिए।

उत्तर—5. पृ.सं. 253 पर देखिए।

उत्तर—6. पृ.सं. 256 पर देखिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 254-255 पर देखिए।

उत्तर—2. पृ.सं. 258 पर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 258 पर देखिए।

उत्तर—4. पृ.सं. 258 पर देखिए।

इकाई-4 : अर्थव्यवस्था (अर्थशास्त्र)

1 पालमपुर गाँव की कहानी
[The Story of Village Palampur]

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पालमपुर में छोटे-छोटे जनरल स्टोरों में चावल, गेहूँ, चाय, तेल, बिस्कुट, साबुन, टूथपेस्ट, पेस्ट्री, मोम बत्तियाँ, कॉपियाँ, पेन, पेन्सिल की दुकानें थीं।

उत्तर—2. शाहपुर कस्बे की ओर जाते थे।

उत्तर—3. पालमपुर के लोग प्रमुखत: कृषि कार्य करते थे।

उत्तर—4. पालमपुर में करीम कम्प्यूटर कक्षा का परिचालक है।

उत्तर—5. पालमपुर भारत के हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित है। पालमपुर के निकटतम बड़े गाँव का नाम रायगंज तथा छोटे कस्बे का नाम शाहपुर है।

उत्तर—6. बेलगाड़ी, तांगा, बुग्गी, जीप, ट्रैक्टर, ट्रक तथा मोटर साइकिल।

उत्तर—7. पालमपुर में दो प्राथमिक विद्यालय और एक हाईस्कूल है। गाँव में एक राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और एक निजी औषद्यालय भी है।

उत्तर—8. पालमपुर गाँव में 450 परिवार हैं जो विभिन्न वर्गों एवं जातियों से सम्बन्धित हैं। 80 परिवार उच्च जातियों से सम्बन्धित हैं अनुसूचित जनजाति एवं दलित का कुल जनसंख्या का हिस्सा 1/3 है।

उत्तर—9. पंजाब राज्य में।

उत्तर—10. कुछ किसानों को रुपये की आवश्यकता अपनी आधारभूत आवश्यकताओं जैसे—खाना, कपड़ा और मकान के लिए होती है। अन्य आवश्यकता कृषि आगती जैसे—बीज, पानी, पशुओं और कृषि उपकरणों जैसे ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, थ्रेशर आदि के लिए होती है। बहुत से कम उद्यमी किसानों को रुपये की आवश्यकता निवेश जैसे—व्यवसाय का प्रारम्भ, परिवहन का क्रय, उपकरण, जीप, टैम्पो, ट्रक और नलकूपों की स्थापना आदि के लिए होती है।

उत्तर—11. हाँ, हम सहमत हैं कि पालमपुर गाँव में भूमि का वितरण असमान है क्योंकि अधिक संख्या में छोटे किसानों के पास दो एकड़ से भी कम भूमि है बड़े एवं मझले किसानों के पास दो एकड़ से अधिक भूमि है। कुछ किसान तो अब भी भूमिहीन हैं।

उत्तर—12. गाँव के भूमिहीन लोग और अपर्याप्त भूमि वाले किसान बड़े और मध्यम किसानों को श्रम प्रदान करते हैं।

उत्तर—13. कच्चा माल और नकद पैसों को कार्यशील पूँजी कहते हैं।

उत्तर—14. स्थाई पूँजी से तात्पर्य उस पूँजी से है, जो स्थायी सम्पत्तियों का क्रय करने में लगाई जाती है।

उत्तर—15. उत्पादन में साधन या समाधान भूमि, श्रम, पूँजी तथा उद्यमशीलता है।

उत्तर—16. उत्पादन का उद्देश्य ऐसी वस्तुएँ एवं सेवाएँ उत्पादित करना जिनकी हमें आवश्यकता होती है।

उत्तर—17. उपभोग एक क्रिया है जिसके द्वारा अपनी प्रत्यक्ष सन्तुष्टि के लिए वस्तुओं और सेवाओं का उपयोग किया जाता है और इसकी उपयोगिता मूल्य को उपभोक्ता द्वारा चुकाया जाता है।

उत्तर—18. भारत में उत्पाद का सर्वाधिक प्रचुर मात्रा में उपलब्ध कारक श्रम है।

उत्तर—19. कुएँ नलकूप, तालाब, झील, जलाशय सिंचाई के साधन हैं। आज भी भारत के कुल कृषि-क्षेत्र के 65% भाग में सिंचाई होती है।

उत्तर—20. भारत के 66% प्रतिशत लोग गैर-कृषि कार्यों में संलग्न हैं।

उत्तर—21. (अ) पंजाब में किया जाता है।

(ब) बीज के सन्दर्भ में एच. वाई. वी. का विस्तृत रूप हाई यील्डिंग वैरायटी है।

उत्तर—22. (अ) पंजाब तथा हरियाणा में।

(ब) पंजाब तथा हरियाणा को।

उत्तर—23. किसानों को आधुनिक कृषि विधियों को अपनाने के लिए क्रियाशील पूँजी की आवश्यकता होती है।

उत्तर—24. किसान स्थिर और विश्वसनीय खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए फसल की पैदावार में वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं।

लघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 266 पर देखिए।

उत्तर—2. स्थाई पूँजी में सम्पत्ति या उपकरण जैसे व्यवसाय शुरू करने और बनाए रखने के लिए आवश्यक सम्पत्ति या निवेश शामिल है। कार्यशील पूँजी वह नकद या अन्य तरल सम्पत्ति है जिसका उपयोग व्यवसाय के दैनिक खर्चों को कबर करने के लिए किया जाता है जैसे बिलों का भुगतान।

उत्तर—3. उत्पादन के कारक एक आर्थिक शब्द है जो आर्थिक लाभ कमाने के लिए वस्तुओं या सेवाओं के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले इनपुट का वर्णन करता है। इनमें किसी वस्तु या सेवा के निर्माण के लिए आवश्यक कोई भी संसाधन शामिल है। उत्पादन के कारक भूमि, श्रम, पूँजी और उद्यमिता है।

उत्तर—4. हरित क्रान्ति वर्तमान उपकरणों और प्रक्रियाओं को शामिल करके कृषि ग्रामीण निर्माण से जुड़ी विधि है। हरित क्रान्ति की विशेषताएँ हैं—

(1) भारतीय कृषि में उच्च उपज देने वाली किस्म के बीज प्रस्तुत किए।

(2) उच्च उपज देने वाली किस्म के बीज समृद्ध सिंचाई प्रणाली कार्यालयों वाले जिलों में शक्तिशाली थे और गेहूँ की फसल के साथ अधिक फलदायी थे।

उत्तर—5. भौतिक पूँजी का अर्थ किसी व्यवसाय को प्रारम्भ करने में लगी सम्पत्ति से है उदाहरण के लिए ऑफिस, कम्प्यूटर, मशीनरी आदि जो व्यवसाय को प्रारम्भ करने लिए आवश्यक है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 266 पर देखिए।

उत्तर—2. पृ.सं. 268 पर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 273 पर देखिए।

2 संसाधन के रूप में लोग [People as Resource]

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. (1) किसी देश, शहर या जिले या क्षेत्र में रहने वाले लोगों की कुल संख्या।

(2) जब शिक्षा, प्रशिक्षण और चिकित्सा सेवाओं में निवेश किया जाता है तो वही जनसंख्या मानव पूँजी में बदल जाती है।

उत्तर—2. आर्थिक क्रिया से तात्पर्य उस क्रिया से है, जिसमें मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अर्थ के माध्यम से व्यवहार करता है।

उत्तर—3. जब किसी काम के बदले में कोई मेहनताना नहीं मिलता है और उसका कोई उद्देश्य भी नहीं रहता है तो उसे गैर आर्थिक क्रिया कहते हैं।

उत्तर—4. चार गैर-आर्थिक क्रियाएँ हैं—

(1) पुरानी वस्तुओं को खरीदना-बेचना।

(2) सरकार द्वारा ऋणपत्र आदि को खरीदना-बेचना।

(3) शेयर ऋणपत्रों को खरीदना-बेचना।

(4) गैर-कानूनी क्रियाएँ।

उत्तर—5. रोजगार से आशय किसी अनुबन्ध के अन्तर्गत दूसरे व्यक्तियों के लिए कार्य करना और उसके बदल पारितोषिक प्राप्त करना है।

उत्तर—6. मानव पूँजी निर्माण ऐसे लोग को प्राप्त करने तथा उनकी जनसंख्या को बढ़ाने की प्रक्रिया है, जिनके पास कुशलताएँ, शिक्षा और अनुभव होता है जो देश के आर्थिक विकास और राजनैतिक विकास के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

उत्तर—7. जनसंख्या की गुणवत्ता साक्षरता-दर, जीवन-प्रत्याशा से निरूपित व्यक्तियों के स्वास्थ्य और देश के लोगों द्वारा प्राप्त कौशल निर्माण पर निर्भर करती है।

उत्तर—8. बढ़ती जनसंख्या देश पर दायित्व तथा अर्थव्यवस्था परिसम्पत्ति होती है।

उत्तर—9. एक व्यक्ति या संस्था से दूसरे व्यक्ति या संस्था को सामानों का स्वामित्व अन्तरण ही व्यापार कहलाता है। व्यवसाय की विशेषताएँ हैं—(1) जोखिम, (2) साहस का तत्व, (3) लाभ-प्रयोजन, (4) सेवाभाव, (5) विनिमय का तत्व, (6) उपयोगिता का सृजन।

उत्तर—10. बाजार वस्तुओं और अन्य सेवाओं के लिए कीमतें स्थापित करता है। ये दरें आपूर्ति और योग से निर्धारित होती हैं। विक्रेता आपूर्ति पैदा करता है, जबकि खरीददार माँग पैदा करते हैं। जब आपूर्ति और माँग सन्तुलन में होती है तो बाजार कीमत में कुछ सन्तुलन खोजने की कोशिश करते हैं।

लघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. भौतिक पूँजी की प्रकृति मूर्त है अर्थात् इसे देखा और छुआ जा सकता है। जबकि मानव पूँजी अमूर्त है अर्थात् इसे महसूस एवं देखा नहीं जा सकता है।

उत्तर—2. पृ.सं. 288 पर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 288-289 पर देखिए।

उत्तर—4. पृ.सं. 291 पर प्र.नं. 1 का उत्तर देखिए।

उत्तर—5. पृ.सं. 292 पर प्र.नं. 10 का उत्तर देखिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 284-285 पर देखिए।

उत्तर—2. पृ.सं. 281 पर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 283-284 पर देखिए।

3 निर्धनता एक चुनौती [Poverty : As a Challenge]

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. 'गरीबी' या 'निर्धनता' का अभिप्राय जीवन, स्वास्थ्य तथा कार्यकुशलता के लिए न्यूनतम उपभोग-वस्तुओं व सेवाओं की प्राप्ति की अयोग्यता की स्थिति से है।

उत्तर—2. जब देश की जनसंख्या का बड़ा भाग भोजन, वस्त्र, मकान, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी न्यूनतम आवश्यकताओं को सन्तुष्ट नहीं कर पाता तो ऐसी अवस्था को 'सामूहिक निर्धनता' कहते हैं।

उत्तर—3. मिलों में काम करने वाले मजदूर तथा घरों में काम करने वाली महिलाएँ।

उत्तर—4. भारत में निर्धनता 21% प्रतिशत तथा चीन में 21.2 करोड़ है।

उत्तर—5. सामाजिक अपवर्जन तथा निरक्षरता स्तर।

उत्तर—6. निर्धनता निरोधी कार्यक्रम के कम प्रभावी होने का मुख्य कारण उचित कार्यान्वयन और सही लक्ष्य निश्चित करना है।

उत्तर—7. पाँच राज्य जहाँ निर्धनता कम है—केरल, गोवा, सिक्किम तमिलनाडु, पंजाब। तथा पाँच राज्य जहाँ निर्धनता सबसे अधिक है—मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, ओडिशा।

उत्तर—8. अशिक्षा और जनसंख्या वृद्धि।

उत्तर—9. अगर किसी व्यक्ति की आय राष्ट्रीय औसत आय के 60 फीसदी से कम है, तो उस व्यक्ति को गरीबी रेखा के नीचे जीवन बिताने वाला माना जा सकता है।

उत्तर—10. भारत सरकार मानती है कि गाँव में रहने वाला व्यक्ति हर दिन 26 रुपये और शहर में रहने वाला व्यक्ति 32 रुपये खर्च करने में असमर्थ है तो वो व्यक्ति गरीबी रेखा से नीचे माना जायेगा।

उत्तर—11. भारत में निर्धनता सम्बन्धी चुनौतियाँ हैं—गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी।

उत्तर—12. नाइजीरिया, बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान तथा चीन।

उत्तर—13. जम्मू-कश्मीर, गोवा, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश।

उत्तर—14. बिहार, झारखण्ड, मेघालय, असम, छत्तीसगढ़।

उत्तर—15. निर्धनता—रेखा का निर्धारण योजना आयोग (अब नीति आयोग) करता है। निर्धनता को मापने में कैलोरी उपभोग के द्वारा किया जाता है।

उत्तर—16. विश्व बैंक का कहना है कि अब हर रोज 2.15 डॉलर या इससे कम आमदनी अर्जित करने वाले व्यक्ति अत्यन्त गरीब माने जाएँगे।

उत्तर—17. (1) आर्थिक संवृद्धि को प्रोत्साहन।

(2) लक्षित निर्धनता विरोधी कार्यक्रम।

उत्तर—18. (अ) भारत में स्वीकृत आवश्यक कैलोरी ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक प्रति दिन प्रति व्यक्ति स्वीकृत औसत कैलोरी 2400 है तथा शहरी क्षेत्रों में आवश्यक प्रति दिन प्रति व्यक्ति स्वीकृत औसत कैलोरी 2100 है।

(ब) क्योंकि ग्रामीण लोगों द्वारा शारीरिक कार्य अधिक किया जाता है।

उत्तर—19. यदि व्यक्ति को 15 दिन में सरकार रोजगार नहीं दिला सकती है वह बेरोजगारी भत्ता लेने का हकदार हो जाता है। वह 25% मजदूरी के लेकर 100 दिन के रोजगार के बराबर मजदूरी तक का भत्ता ले सकता है।

उत्तर—20. मनरेगा का पूरा नाम महात्मा गाँधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम है।

उत्तर—21. मनरेगा अधिनियम।

लघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. विकास की उच्च दर ने निर्धनता को कम करने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 1980 के दशक से भारत की आर्थिक संवृद्धि-दर विश्व में सबसे अधिक रही। संवृद्धि दर 1970 के दशक के करीब 3·5% के औसत से बढ़कर 1980 और 1990 के दशक में 6% के करीब पहुँच गई है अधिक संवृद्धि-दर निर्धनता उन्मूलन को कम करने में सहायक होती है। इसलिए यह स्पष्ट होता जा रहा है कि आर्थिक संवृद्धि और निर्धनता उन्मूलन के बीच एक घनिष्ठ सम्बन्ध है। आर्थिक संवृद्धि अवसरों को व्यापक बना देती है और मानव विकास में निवेश के आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराती है। यह शिक्षा में निवेश से अधिक आर्थिक प्रतिफल पाने की आशा में लोगों को अपने बच्चों को लड़कियों सहित स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित करती है।

उत्तर—2. पृ.सं. 304 पर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 295 पर देखिए।

उत्तर—4. पृ.सं. 296 पर देखिए।

उत्तर—5. पृ.सं. 295 पर देखिए।

उत्तर—6. लघुउत्तरीय प्रश्न 1 का उत्तर देखिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.सं. 294-295 पर देखिए।

उत्तर—2. पृ.सं. 304 पर प्र.नं. 8 का उत्तर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 301 पर देखिए।

उत्तर—4. पृ.सं. 301 अतिलघु उत्तरीय प्र.नं. 6 का उत्तर देखिए।

4 भारत में खाद्य सुरक्षा [Food Security in India]

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. सहायिकी ऐसा भुगतान है जिसे सरकार किसी उत्पादक को उसके उत्पादक की बाजार कीमत से अतिरिक्त पूरक रूप में देती है। इससे सम्बन्धित वस्तु की उपभोक्ता-कीमत कम रहती है, साथ ही घरेलू उत्पादकों को अपनी आय लाभ बनाए रखने में सहायता मिलती है।

उत्तर—2. अकाल किसी क्षेत्र या देश की आबादी के एक बड़े हिस्से में गम्भीर और लम्बे समय तक रहने वाली भूख है, जिसके परिणामस्वरूप व्यापक और तीव्र कुपोषण और भुखमरी और बीमारी से मृत्यु होती है।

उत्तर—3. ये ऐसी 'राशन की दुकानें' हैं जो सरकार द्वारा निर्धन लोगों को नियन्त्रित कीमत पर गेहूँ, चावल, चीनी, कपड़ा, किरोसीन आदि अनिवार्य वस्तुएँ उपलब्ध करने के लिए खोली जाती हैं।

उत्तर—4. अकाल उस पारिस्थिति को कहते हैं जिसमें किसी क्षेत्र या देश की जनसंख्या का बड़ा भाग अल्प भोजन और कुपोषण से ग्रस्त होता है जिसके कारण भुखमरी, जीवन का साधारण अंग बन जाती है।

उत्तर—5. (1) नाइट्रोजन उर्वरकों का उपयोग, (2) रेगिस्तानी कृषि, (3) आधुनिक कृषि तकनीक का उपयोग।

उत्तर—6. भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राशन कार्ड 4 प्रकार के होते हैं जिनकी पहचान अलग-अलग रंगों से होती है—

नीला—गरीब रेखा से नीचे बी. पी. एल.

गुलाबी—गरीबी रेखा से ऊपर ए. पी. एल.

सफेद—पी. एच. एच. (प्राथमिक धरेलू)

पीला—अंत्योदय (ए. ए. वर्ड)

उत्तर—7. इस संस्था ने महाराष्ट्र के विभिन्न भागों में अनाज बैंकों की स्थापना के लिए गैर-सरकारी संगठनों के नेटवर्क की सहायता की। यह संस्था गैर-सरकारी संगठनों के लिए खाद्य सुरक्षा के विषय में प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम का संचालन करती है।

उत्तर—8. अखिल भारतीय स्तर पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की खाद्यान्नों की औसत उपभोग मात्रा एक किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिमाह है।

उत्तर—9. अनाजों से भरे अन्न भण्डारों के बावजूद भुखमरी की घटनाएँ हो रही हैं।

उत्तर—10. न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्रदान करके कृषि उत्पादन बढ़ाने को प्रेरित करता है।

उत्तर—11. सन् 1940 में राशन-व्यवस्था की शुरूआत हुई।

उत्तर—12. राशन कार्ड रखने वाले कोई भी परिवार प्रतिमाह इनकी एक अनुबन्धित मात्रा (जैसे 35 किलोग्राम अनाज, 5 लीटर मिट्टी का तेल, 5 किलोग्राम चीनी) निकटवर्ती राशन की दुकान से खरीद सकता है।

उत्तर—13. सोमालिया में अकाल का कारण एक विफल प्रशासन की वजह से आया।

लघु उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. पृ.नं. 6 अतिलघु उत्तरीय देखिए।

उत्तर—2. पृ.सं. 312 पर देखिए।

उत्तर—3. उपभोक्ताओं को रियायती कीमतों पर आवश्यक उपभोग की वस्तुएँ प्रदान करता है ताकि मूल्य वृद्धि के प्रभावों से बचाया जा सके तथा नागरिकों में न्यूनतम पोषण की स्थिति को भी बनाए रखा जा सके।

उत्तर—4. पृ.सं. 315 पर प्र.नं. 6 का उत्तर देखिए।

उत्तर—5. पृ.सं. 306-307 पर देखिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उत्तर—1. काम के बदले अनाज कार्यक्रम को 150 पिछड़े जिलों में पूरक मजदूरी रोजगार सृजित करने के उद्देश्य से 14 नवम्बर 2004 को लागू किया गया था। यह 100% केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम है जिसमें राज्यों को नि:शुल्क अनाज उपलब्ध कराने का प्रावधान है। काम के बदले अनाज कार्यक्रम को सबसे पहले 1970 के दशक में चलाया गया था।

उत्तर—2. पृ.सं. 312 पर देखिए।

उत्तर—3. पृ.सं. 310 पर देखिए।

उत्तर—4. पृ.सं. 311-312 पर देखिए।